संख्याः 308/37-3-2019-5(07)/2018

प्रेषक,

डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलपति,
उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय
पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा।

पशुधन अनुभाग-3 **लखनऊः: दिनांकः 25 जुलाई, 2019**

विषयः उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा में प्रारम्भ किये जाने वाले अन्डर ग्रेजुएट फिशरीज कोर्स के प्रथम वर्ष के लिए शैक्षणिक पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2570/वीसी-01/2018 दिनांक 27 दिसम्बर, 2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा में अन्डर ग्रेजुएट डेयरी एवं फिशरीज कोर्स सत्र 2018-19 से प्रारम्भ किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय में कालेज आफ फिशरीज के अन्तर्गत अण्डर ग्रेजुएट फिशरीज कोर्स के समुचित संचालन हेतु प्रथम वर्ष के लिए निम्न विवरणानुसार कुल-18 शैक्षणिक पदों को सृजित किये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय इस प्रतिबंध के अधीन प्रदान करते हैं कि सृजित समस्त पदों पर तैनाती से पूर्व समस्त औपचारिक कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा पूर्ण की जायेगी। साथ ही उक्त सृजित पद बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त किये जा सकते हैः-

क्र0	पदनाम	वेतनमान		पदों की संख्या
		वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन	
1	अधिष्ठाता/आचार्य	37400-67000	10000	01

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2	आचार्य **प्रस्तावित विभागवार पद-** एक्वाकल्चर-01 फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट-01 ऐक्यटिक ऐनावरमेंट मैनेजमेंट-01 फिशरीज एक्सटेंशन एकॉनामिक्स एण्ड स्टेटिक्स-01	37400-67000	10000	04
3	सह आचार्य **प्रस्तावित विभागवार पद-** एक्वाकल्चर-01 फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट-01 ऐक्यटिक ऐनावरमेंट मैनेजमेंट-01 फिशरीज एक्सटेंशन एकॉनामिक्स एण्ड स्टेटिक्स-01	15600-39100	9000	04
4	सहा0 आचार्य **प्रस्तावित विभागवार पद-** एक्वाकल्चर-02 फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट-01 ऐक्यटिक ऐनावरमेंट मैनेजमेंट-01 फिशरीज एक्सटेंशन एकॉनामिक्स एण्ड स्टेटिक्स-01 फिशप्रोसेसिंग एण्ड टेक्नोलॉजी-01 फिशरीज इंजीनियरिंग-01 एक्यटिक हेल्थ मैनेजमेंट-01	15600-39100	6000	08
5	सहा0 पुस्तकालयध्यक्ष	15600-39100	6000	01
	कुल शैक्षणिक पद			**18**

3- इन पदधारकों को वेतन के अतिरिक्त शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते भी अनुमन्य होंगे। इस शासनादेश में उल्लिखित शर्तों का अनुपालन विश्वविद्यालय में कार्यरत वित्त अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। यदि निर्धारित शर्तों का किसी प्रकार विचलन हो, तो संबंधित वित्त अधिकारी का दायित्व होगा कि मामले का पूर्ण विवरण सहित सूचना शासन को उपलब्ध करायी जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-यू0ओ0ई-1-728/दस-2019 दिनांक 23 जुलाई, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे,
प्रमुख सचिव।

संख्याः 308(1)/37-3-2019, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार लेखा एवं हकदारी (प्रथम)/लेखा अनुभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. निदेशक (प्रशासन एवं विकास), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, पशुपालन विभाग, पशुपालन निदेशालय, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा।
5. जिलाधिकारी, मथुरा/मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, मथुरा।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
वेदप्रकाश सिंह राजपूत,
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।